प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय द्वारा दी गयी डा. नवनीत पारीक को भावभीनी श्रद्धांजलि

पन्तनगर। 9 अक्टूबर 2024। विश्वविद्यालय में कृषि महाविद्यालय के मृदा विज्ञान में कार्यरत एक अच्छे वैज्ञानिक डा. नवनीत पारीक का आज 53 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर ने सभी को गहरे शोक में डाल दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने डा. पारीक के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए इसे विश्वविद्यालय के लिए एक बडी क्षति बताया। उन्होंने कहा कि डा. पारीक का योगदान हमारे विश्वविद्यालय के लिए अमूल्य था। उनके कार्य और विचार हमेशा हमारे साथ रहेंगे।

इस अवसर पर, डा. जे.पी. जायसवाल की अगुवाई में फ्रांस के भ्रमण पर गए वैज्ञानिकों के दल ने भी इस दुःखद समाचार पर स्तब्धता व्यक्त की। सभी ने डा. पारीक को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा, जिसमें उनके परिवार और सहयोगियों की ओर से गहरा सम्मान प्रकट किया गया।

डा. नवनीत पारीक ने अपने कार्यकाल में मृदा विज्ञान के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण शोध किए और विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

*डा. नवनीत पारीक।*

*फ्रांस में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के दल के द्वारा श्रद्धांजलि देते।*